भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2059
जिसका उत्तर शुक्रवार, 06 दिसम्बर, 2024 को दिया जाना है

**'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' पोर्टल पर विधिक जानकारी**

**2059. श्री पी. पी. चौधरी :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या सरकार ने 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' पोर्टल शुरू किया है, यदि हां, तो इसकी प्रमुख विशेषताओं और क्षेत्रीय भाषाओं में इसकी पहुंच सहित तत्संबंधी व्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इस पोर्टल पर संवैधानिक और बिधिक सूचना को नियमित रूप से अद्यतन करने और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र स्थापित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस पोर्टल को शुरू किए जाने के पश्चात् राज्य-वार कितने नागरिकों ने इसका उपयोग किया है ;

(घ) सर्वाधिक प्राप्त की जाने वाली सूचना श्रेणियां कौन-कौन सी हैं ;

(ङ) क्या इस पोर्टल के माध्यम से नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कोई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(च) क्या सरकार ने विधिक जागरूकता पहलों में सुधार करने के लिए नागरिकों से प्राप्त फीडबैक को शामिल करने के लिए कोई ढांचा विकसित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (घ) :** जी, हां। न्याय विभाग, एक गणराज्य के रूप में भारत के और भारत के संविधान के अंगीकरण के 75वें वर्ष को मनाने के लिए, वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रव्यापी 'हमारा संविधान हमारा सम्मान ' नामक अभियान को पूरे भारत में कार्यान्वित कर रहा है । अभियान, भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति द्वारा तारीख 24 जनवरी, 2024 को आरंभ किया गया था । इसका अनुसरण करते हुए, अभियान की विकेन्द्रीयकृत आऊटरीच सुनिश्चित करने के लिए क्रमश: तीन क्षेत्रीय कार्यक्रम तारीख 9 मार्च, 2024 को बीकानेर, राजस्थान में, तारीख 16 जुलाई, 2024 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में और तारीख 19 नवंबर, 2024 को गुवाहाटी, असम में भी आयोजित किए गए हैं । अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित सिद्धांतों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को अभिपुष्ट करना और उन सहभाजित मूल्यों का गुणगान करना है, जो हमारे राष्ट्र को बांधते हैं।

'हमारा संविधान हमारा सम्मान पोर्टल' (https://www.hamarasamvidhan.gov.in/.) जिसे तारीख 16 जुलाई, 2024 को प्रयागराज में दूसरे क्षेत्रीय कार्यक्रम के दौरान आरंभ किया गया था, संविधान और उनके विधिक अधिकारों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ज्ञान निक्षेपागार के रूप में कार्य करता है । इसके अतिरिक्त, अभियान ने MyGov के सहयोग से संचालित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं

के माध्यम से महत्वपूर्ण जन विनियोजन सृजित किया है, जो नागरिकों को सांविधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की उनकी समझ को बढाने के लिए प्रेरित करता है ।

हमारा संविधान हमारा सम्मान पोर्टल पर विषय-वस्तु की सटीकता और नियमित अद्यतन जानकारी को सुनिश्चित करने के लिए, विधि विद्यालयों के विधि विशेषज्ञों और न्याय विभाग के पदाधिकारियों की एक टीम प्रकाशन से पहले विषय-वस्तु का पुनर्विलोकन करने और उसका सत्यापन करने के लिए जिम्मेदार है। पोर्टल की विषय-वस्तु में नियमित अद्यतन जानकारी को सुनिश्चित किया जाता है जिससे पोर्टल सुसंगत बना रहे और नागरिकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा सके। आज तक, 662589 व्यक्तियों ने हमारा संविधान हमारा सम्मान पोर्टल देखा है। तथापि, परिदर्शकों के राज्यवार ब्यौरे पोर्टल में नहीं रखे जाते हैं।

**(ङ) और (च) :** जागरूकता कार्यक्रम, जिनमें कार्यशालाएं, वेबनार तथा आउटरीच पहलें, शैक्षिक संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों के सहयोग से क्षेत्रीय स्तर पर संचालित की जाती हैं। डिजिटल मंचों, जैसे- सोशल मीडिया पर अभियान, नागरिकों के बीच पोर्टल का संवर्धन करने के लिए और अभियान की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए भी आयोजित किए जाते हैं। वेबनार सहित विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन के दौरान, सहभागियों से प्राप्त फीडबैक सदैव एकत्रित किए जाते हैं और भावी कार्यक्रमों को सुधारने के लिए उपयोग किए जाते हैं।

************